9. चुक्की और जब्बार



छुट्टी का दिन था। बच्चे आम खाना चाहते थे। मुन्नी सभी बच्चों के साथ अपने रामू काका के घर गयी। वह बच्चों को बहुत चाहता था।

रामू काका आम के पेड़ पर चढ़ गया। डाली ज़ोर से हिलाने लगा। टप-टप आम गिर पड़े। बच्चे खुशी से चिल्ला उठे - ''वाह! वाह! कितने सारे आम गिरे हैं।''

निम्मी ने छप्पर से रस्सी उतारी। रामू काका ने रस्सी पेड़ की डाली से बाँध दी। बच्चे झूला झूलने लगे। चुक्की झूले से गिर गयी और रोने लगी। जब्बार बोला - 'खेल में चोट तो लगती ही रहती है। बहादुर बच्चे रोते नहीं।'



© NCERT not to be republished

सुनो-बोलो

1. छुट्टी के दिन तुम क्या-क्या करते हो?
2. रामू काका ने रस्सी से झूला बाँधा। रस्सी से और क्या-क्या कर सकते हैं?
3. खेलते समय यदि तुम्हारे साथी को चोट लग जाये, तो तुम क्या करोगे?

पढ़ो



1. बच्चे क्या खाना चाहते थे?
2. झूले से कौन गिर गया?

(अ) नीचे दिये गये द्वित्वाक्षर पाठ में पहचानो। उन पर '◯' लगाओ।

च्च म्म ल्ल य्य न्न त्त स्स ब्ब ट्ट क्क

(आ) पाठ में आये द्वित्वाक्षर वाले शब्द तालिका में सही जगह लिखो।

क्क	
च्च	
ट्ट	
त्त	
द्द	
न्न	
म्म	जैसे :- निम्मी
ब्ब	
प्प	
य्य	
ल्ल	
व्व	
स्स	

© SCERT not to be republished

(इ) नीचे दिये गये शब्द पढ़ो।

नुक्कड़	कच्चा	चौकन्ना
सुग्गा	पत्ता	चम्मच
पक्का	छप्पर	रस्सी
गुब्बारा	सज्जन	अड्डा
छत्ता	लट्टू	कव्वाली
गद्दी	यादय्या	उल्लू



लिखो

(अ) सुंदर अक्षरों में लिखो।

कच्चा सुग्गा बच्चा सज्जा रस्सी लट्टू

© SCERT not to be republished

(आ) इन प्रश्नों के उत्तर लिखो।

रामू काका ने क्या किया?

....

जब्बार ने चुक्की को क्या समझाया?

....

तुम किस दिन खेलते हो?

....

(इ) नीचे दिये गये वर्ण मिलाकर नये शब्द बनाओ। लिखो।

		
....	....	....

(ई) चित्र देखकर अपने विचार लिखो।

	....

© NCERT not to be republished

क्या मैं ये कर सकता हूँ?	हाँ (√)	नहीं (×)
1. चित्र के बारे में बातचीत कर सकता हूँ।		
2. 'द्वित्वाक्षर' वर्णों से बने शब्द व वाक्य पढ़ सकता हूँ। लिख सकता हूँ।		
3. इन वर्णों से बने शब्द व वाक्य बिना देखे लिख सकता हूँ।		
4. संकेत के आधार पर चित्र के बारे में बता सकता हूँ।		

देखो-समझो-बोलो

© SCERT not to be republished